आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, phone: 0612-2675933, 2675935, Fax no-2675934

पत्रांक : 5352/Tech **08/62/Tech/IDA/2023** दिनांक : 14/11/24

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

Regd. Post & e-mail

सेवा में,

Skylight Engineering and Construction
Prop. Mukesh Kumar
Flat No.- 3A, Sushila Residency,
Near Shiv Mandir, Lohanipur,
Post + P.S. – Kadamkuan, Patna – 800003.
Email – skylightengicon@gmail.com

विषय : Supply of Various Equipments at PPC, Shyam Bazar, Banka and Inavaran, Banka के कार्य की धीमी प्रगति के कारण Debar करने के संबंध में।

प्रसंग : 1. एकरारनामा सं0 09/F2/2023-24 दिनांक 19.10.2023
2. प्राधिकार का पत्रांक 6845/Tech दिनांक 15.12.2023, पत्रांक 6310/Tech दिनांक 11.11.2023, पत्रांक 327/Tech दिनांक 16.01.2024, पत्रांक 2456/Tech दिनांक 10.05.2024, पत्रांक 2555/Tech दिनांक 20.05.2024, पत्रांक 2650/Tech दिनांक 29.05.2024, पत्रांक 3140/Tech दिनांक 19.06.2024, पत्रांक 4344/Tech दिनांक 23.08.2024, पत्रांक 4479/Tech दिनांक 03.09.2024, पत्रांक 5066/Tech दिनांक 15.10.2024 एवं पत्रांक 5327/Tech दिनांक 04.11.2024
3. आपका पत्रांक SKY/012/2024 दिनांक 25.01.2024, पत्रांक SKY/049/2024 दिनांक 04.06.2024, पत्रांक SKY/078/2024 दिनांक 29.08.2024 एवं पत्रांक SKY/084/2024 दिनांक 09.09.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के संबंध में कहना है कि Supply of Various Equipments at PPC, Shyam Bazar, Banka and Inavaran, Banka के कार्य हेतु आपके द्वारा प्राधिकार के साथ एकरारनामा किया गया है, जिसका एकरारनामा सं0 09/F2/2023-24 दिनांक 19.10.2023 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 30.09.2023 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 29.12.2023 है, जो समाप्त हो चुकी है।

विदित हो कि कार्य समाप्ति की अवधि दिनांक 29.12.2023 के पश्चात् लगभग 10 माह समाप्त हो चुका है, परन्तु अभी तक आपके द्वारा कार्यस्थल पर मशीन अधिष्ठापित नही किया गया है, जो खेदजनक है।

कार्य पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय के विभिन्न प्रसांगिक पत्रों के माध्यम से आपको निदेशित किया गया है, परन्तु आपके द्वारा पत्रांक SKY/084/2024 दिनांक 09.09.2024 के माध्यम से प्राधिकार को सूचित किया गया कि सप्लायर को रू0 40 लाख का भुगतान कर दिया गया है तथा सप्लायर के द्वारा जल्द ही मशीन का अधिष्ठापित कर दिया जायेगा, परन्तु आज दिनांक 13.11.2024 तक कार्यस्थल पर मशीन का अधिष्ठापन नहीं किया गया है। इस संदर्भ में परियोजना को पूर्ण करने हेतु अनेको पत्राचार करने के बावजूद भी स्थल पर मशीन नहीं लाया गया है, जिससे प्रतित होता है कि कार्य को पूर्ण करने में आपका कोई रूची नहीं है तथा सरकारी कार्य को अनावश्यक विलंब किया जा रहा है।

जारी.....

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञात हो कि Supplier (Resham Sutra Pvt. Ltd.) द्वारा दूरभाष के माध्यम से प्राधिकार को सूचना दिया गया कि कार्यस्थल पर लगाये जाने वाले सभी मशीनीरी विगत एक माह से तैयार किया जा चुका है, परन्तु संवेदक द्वारा शेष राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण मशीन का सप्लाई नहीं किया जा सका है।

कार्य की धीमी प्रगति होने के कारण अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक 327/Tech दिनांक 16.01.2024 के द्वारा परियोजना पूर्ण करने तक किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) करने हेतु स्पष्टीकरण निर्गत किया गया, जिसका जवाब आपके द्वारा पत्रांक SKY/012/2024 दिनांक 25.01.2024 द्वारा समर्पित किया गया है, आपके द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आपको कार्य पूर्ण करने हेतु समय भी दिया गया, परन्तु आज तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

अतः उपर्युक्त वस्तुस्थिति के आलोक में आपके द्वारा वर्णित कार्य ससमय पूर्ण नही करने के कारण NIT की कंडिका 30 के अंतर्गत परियोजना के कार्य को पूर्ण करने तक अगले किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है, साथ ही यह निदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य को अविलंब पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

14/11/24

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वियन)

ज्ञापांक : 5352/Tech दिनांक : 14/11/24

प्रतिलिपि : प्रबंध निदेशक, आई0डी0ए0, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)